Nagari-pracharini Granthmala Series No.

THE PRITHVIRÁJ RÁSO

OF

CHAND BARDÁI,

VOL. I.

EDITED

BY

Mohanlal Visnulal Pandia, Radha Krishna Das

AND

Syam Sundar Das, B. A.

CANTOS I. To XI.

महाकवि चंद बरदाई

कृत

पृथ्वीराजरासो

भाग पहिला

जिसको

मोहनलाल विष्णुलाल पंड्या, राधाकृष्णदास

और

श्यामसुन्दरदास बी. ए.

ने

सम्पादित किया।

पर्व्व-१ से ११ तक।

PRINTED AT THE MEDICAL HALL PRESS, BENARES.

1904.

[Price Rs.

सूचीपत्र ।

(१) आदि पर्व्व ।

(पृष्ठ १ से १८० तक)

पृष्ठ ।

पृष्ठ ।

(२) दसम समय ।

(पृष्ठ १८१ से २५४ तक)

---

(३) दिल्ली किल्ली कथा ।

(पृष्ठ २५५ से पृष्ठ २७४ तक)

---

(४) लोहानो आजान बाहु समय ।

(पृष्ठ २७५ से पृष्ठ २८० तक)

---

(५) कन्हपट्टी समय ।

(पृष्ठ २८१ से पृष्ठ २८८ तक)

[६] आखेटक वीर ...

(पृष्ट २९९ से

पृष्ठ

[७] नाहर राय कथा वर्णन

(पृष्ठ ३२९ से पृष्ठ ३६८ तक)

पृष्ठ

[८] मेवाती मुगल कथा ॥

(पृष्ठ ३६९ से पृष्ठ ३८४ तक)

(९) हुसेन कथा ॥

(पृष्ठ ३८५ से पृष्ठ ४२४ तक)

---

(१०) आषेटक चूक वर्णन ।

(पृष्ठ ४२५ से ४३८ तक)

---

[११] चित्र रेषा समय ।

(पृष्ठ ४३९ से ४४५ तक)

वीरशिरोमणि महाराज पृथ्वीराज ।

Indian Press, Allahabad.

पृथ्वीराजरासो।

अथ आदि पर्व्व लिख्यते।

(पहिला समय)

आदिदेव, गुरू, वाणी, लक्ष्मीश, सुरनाथ और सर्वेश का मंगलाचरण ॥

साटक–ॐ॥ आदी देव प्रनम्य नम्य गुरयं, वानीय वंदे पयं।
सिष्टं धारन धारयं वसुमती, लच्छीस चर्नाश्रयं ॥
तं गुं तिष्टति ईस दुष्ट दहनं, सुर्नाथ सिद्धिश्रयं।
थिर्चर्जंगम जीव चंद नमयं, सर्वेस वर्दामयं॥ छंद ॥ १ ॥ रूपक ॥ १ ॥

---

१ यह मंगलाचरण जिस छंद में चंद कवि ने कहा है उसका नाम उसने सांटक प्रयोग किया है और इस नाम से यह छंद आज कल जो छंद ग्रंथ प्रायः उपलब्ध हैं उनमें नहीं मिलता। यद्यपि उसकी परीक्षा करने से वह निःसंदेह शार्दूलविक्रीडित् नामक छंद मालूम होता है परंतु जब तक उसका लक्षण अथवा नामान्तर होने का कोई प्रमाण नहीं दिखलाया जाय तब तक पुरातत्त्ववेत्ता विद्वान संतुष्ट नहीं हो सकते। अतएव बहुत खोज करने से गुजराती भाषा के काव्यों में इस नाम के छंद मिले और The Revd. J.seph Vān. S. Taylor साहब अपने गुजराती भाषा के व्याकरण के पद्यबंध अथवा छंदविन्यास नामक प्रकरण के पृष्ठ २२३ में उसको साटक नाम से कुल ३८ अक्षर के दो तुक का छंद होना लिखते हैं कि जिसके प्रत्येक तुक में १२+७=१९ अक्षरे होते हैं। इसके सिवाय प्राकृतभाषा के किसी छंदग्रंथ से अनुवादित होकर सं· १७७६ में जो एक रूपदीप पिंगल नामक छंद ग्रंथ बना है उसमें केवल ५२ छंदों के लक्षण कहे हैं। उसमें भी साटक का यह लक्षण लिखा है–

साटक छंद लक्षण ॥

कर्मै द्वादश अंक आद संग्या, मात्रा सिवो सागरे।
दुज्जी बी करिके कलाष्ट दस बी, अर्को विरामाधिकं ॥ १ ॥
अंते गुर्व निहार धार सब के, औरों कछू भेद ना।
तीसों मत्त उनीस अंक चरने, सेसो भणौं साटिकं ॥

हम इस साटक छंद का पिंगल छंद सूत्रम् नाम्नक ग्रंथ में कहे शार्दूलविक्रीडित् छंद का नामान्तर होना मानते हैं और उसका लक्षण बहुत प्राचीन अमर और भरत कृत छंद ग्रंथों में अवश्य होना अनुमान करते हैं क्योंकि चंद्र कवि ने भी अपने इसी ग्रंथ के आदि पर्व के रूपक ३७ में जो कुछ कहा है उससे स्पष्ट मालूम होता है कि उसने अपने इस महाकाव्य की रचन में पिंगल अमर और भरत के छंद ग्रंथों का आश्रय लिया है॥

इस छंद के लक्षण का पता लगा कर अब हम इस रूपक के पाठ को शोधते हैं। उस की पहिली पंक्ति का पाठ A. S. B की छापी हुई पुस्तक की Fasciculus I जिस को Mr. John Beames साहब ने शोध कर छपाया है उस में "आदि् प्रनम्य नम्य गुरयं वानीय वंदे पयं ऐसा पाठ है और जो Mr. F. S Growse, C. S., M. A. ने रासो के प्रारंभ के छंदों का अनुवाद करने में पाठ लिखा है वह भी ऐसा ही है। निदान साटक के लक्षण के अनुसार इस तुक में १२+७=१९ अक्षर होने चाहिए परंतु उस में १०+७=१७ अक्षर हैं। अब यह अत्यावश्यक है कि घटते हुए दो अक्षरों का पता लगाया जाय। यह कल्पना करनी कि चंद कवि अथवा उसके नाम से कोई यह जाली ग्रंथ बनानेवाला छंद ग्रंथों में भले प्रकार व्युत्पन्न न होने के कारण मूल में ही भूल गया है सर्वरीत्या अयोग्य और आश्चर्यदायक बात है। क्योंकि वर्तमान् पृथ्वीराजरासो का बिगड़ा हुआ काव्य भी अपने कर्त्ता का एक बड़ा व्युत्पन्न कवि होना स्वयम् स्पष्ट प्रकाश करता है अतएव उसका ऐसी भूलों का करना निर्मल प्रज्ञावाले विद्वानों के ध्यान में सर्वथा असंभव है।

इस प्रथम तुक में जो दो अक्षर घटते हैं वे पंक्ति भर में किस स्थान में लेखक अथवा शोधक की भूल से लोप हो गए हैं इस बात की शोध लेने के लिये यह एक बड़ी सरल युक्ति है कि हम इस तुक के अर्थ को ध्यान में लेकर उसके वाक्यखंडों को पृथक् पृथक् कर दें कि जिस से अपूर्ण वाक्यखण्ड अपने आप हम को घटते हुए अक्षर बतला देवे जैसे कि वानीय वंदे पयं और नम्य गुरयं और आदि् प्रनम्य ऐसा करने से हम को मालूम हो गया कि आदि प्रनम्य वाक्य खंड अपूर्ण है और उसमें कोई संज्ञावाचक शब्द घटता है। अब विचारना चाहिए कि वह संज्ञा वाचक शब्द आदि् शब्द के पहिले घटता है अथवा पीछे। जो हम आदि् शब्द के पहिले उस का होना मानें तो 'आदिः पदान्ते गंण सूचकः" से दोष प्राप्त होकर हमारी कल्पना अन्यथा हो जाती है अतएव मानना चाहिए कि आदि् शब्द के पीछे कोई संज्ञावाचक शब्द है क्योंकि ऐसा मानने में आदि् शब्द उस शब्द के साथ मिलकर हम को कर्म्मधारय समास का होना स्पष्ट विदित कराता है। जब कि यह निश्चय हो गया कि आदि् शब्द के पीछे अर्थात् आदि् और प्रनम्य के बीच में कोई संज्ञावाचक शब्द गया है तब हम को फिर सूक्ष्म विचार में निमग्न होना चाहिए कि वह संज्ञावाचक शब्द कौन सा है कि जिसको चंद कवि ने प्रयोग किया था। हम निःसंदेह कल्पना करते हैं कि यहां देव शब्द था अर्थात् आदी देव ऐसा पाठ चंद ने प्रयोग किया था क्योंकि प्रथम तो "आदिः कारणं स च देवश्चेति कर्म्मधारयः" तथा जगदुपादानादि गुणवान् नारायणः" दूसरे आदिदेव शब्द हमारी संस्कृतभाषा के प्रामाणिक ग्रंथों के मंगलाचरणों तथा ईश्वर की स्तुति तथा ईश्वर के ध्यान के वाक्यों में बहुधा प्रयोग किया गया है कि हम उदाहरण के लिये केवल दोही प्रमाण यहां दिखाते हैं जैसे–"परं ब्रम्ह परं धाम। पवित्रं परमं भवान्॥ पुरुषं शाश्वतं दिव्यमादिदेवमजं विभुं" तथा "त्वमादिदेवः पुरुषः पुराणस्त्वमस्य विश्वस्य परं निधानं"॥ तीसरे चंद कवि ने स्वयम् अपने इस महाकाव्य में इस आदि देव शब्द का प्रयोग अनेक स्थानों में किया है जैसा किः- "प्रनम्य प्रथम मम आदि

देव ऊँकार शब्द जिन करि अछेव"॥ चौथे इस तुक में प्रथम मगण होने के कारण तीनों अक्षर दीर्घ होने चाहिए अतएव कवि ने आदी देव ऐसा पाठ कहा है आदि शब्द संस्कृत में इकारान्त है परंतु उसे कवि ने यहां मगण होने के कारण के अतिरिक्त गानविद्या संबंधी दोष दूर करने के अभिप्राय से भी ईकारान्त किया है क्योंकि चंद गानविद्या में भी निपुण था और साटक के गाने में तुक की पहिली चौथी मात्रा पर ताल आता है। यद्यपि हमारी कल्पना तो यह है परंतु जब हमने इस ग्रंथ का कुछ भाग कोटा राज्य के विद्वान कविराज श्री चंडीदानजी से पढ़ा था तब उन्हों ने यह बतलाया था कि आदि के पहिले ओ३म् शब्द का प्रयोग कवि चंद ने किया था और उसका अर्थ आदि ओ३म् प्रनम्य अर्थात् "पहिले ओंकार को नमन करके" किया था। यद्यपि यह प्रयोग भी कुछ बैठ जाता है और ठीक सा मालूम होता है और जितनी पुस्तकें रासो की हमारे देखने में आई हैं उनमें प्रायः ऐसा ही पाठ मिलता है परंतु हम इसकी अपेक्षा अपनी कल्पना को अधिक बलवान और युक्त मानते हैं और आशा करते हैं कि यदि वे अब विद्यमान होते तो हमारी इस कल्पना को प्रसन्नतापूर्वक मान लेते। यदि कोई ओ३म् आदि प्रनम्य ऐसा भी पाठ माने तथापि कुछ हानि नहीं है। और जब तक कि किसी बहुत प्राचीन पुस्तक में हमारे इस मानने के विरुद्ध कोई अन्य पाठ न मिल जावे तब तक हम इस को मानना अयोग्य नहीं समझते हैं॥

अब दूसरी पंक्ति का पाठ "सिष्टं धारन धारयं वसुमती लच्छीस चरनाश्रयं" है। इस १२+८=२० अक्षर हैं कि यहां चरनाश्रयं शब्द को हमने चर्नाश्रयं किया है क्योंकि कोई छंद गान से खाली नहीं है और साटक की ध्वनि के अनुसार उच्चारण में यहां रकार स्वर रहित हो जाता है और जैसा उच्चारण और गान में रूप हो वैसा काव्य में लिखने में भी कोई दोष नहीं है। जो कवि गान के नियमों से अपरचित हैं उनके काव्य में ऐसे स्थलों में अनेक दोष रह जाते हैं क्योंकि गान छंद के लिये एक कसौटी है और ऐसे ही मौकों को कवि का अधिकार अर्थात् Poetical Licence कहते हैं। कोई कोई विद्वान कवि के अधिकार की छूट अर्थात् Poetical Licence को दोष मानते हैं परंतु वह एक भ्रम है क्योंकि सस्वर अक्षर का खोड़ा कर देना और खोड़े को सस्वर कर देना व्याकरणादि भिन्न शास्त्रों में दोष समझना चाहिए परंतु छंद रचना और गान में तो यह दोष नहीं कहाता है देखो चंद के इन वचनों के भीतरी आशयों से भी हम यही अनुमान कर सकते हैं–

लहु गुर मंडित खंडियहि। पिंगल अमर भरत्थ॥ ३०॥ १
चरन नीम अच्छिर सुरंग। पाटलहु गुरु विधि मंडिय॥
सुर विकास जारी सु मुष्य। उक्ति रस गोरव नि छंडिय॥ ४०॥ १

तीसरी पंक्ति के पाठ तम गुम तिषृति ईस दुष्ट दहनं। सुरनाथ सिद्धिश्रयं में १४+८=२२ अक्षर हैं। इनमें ऊपर कही हुई युक्तियों के सिवाय थोड़ा सा और ध्यान देने से ज्ञात हो सकता है कि ग्रंथकर्त्ता ने तम गुन और सुरनाथ पाठ नहीं प्रयोग किये थे किन्तु जैसे हम ने अनुमान कर शुद्ध किये हैं तं गुं और सुर्नाथ क्योंकि प्रथम तो इस साटक छंद में मगण होने के कारण तं और गुं ही होने चाहिए और दूसरे चंद के ऐसे प्रयोग इस काव्य में बहुत से स्थलों पर देख पड़ेंगे। यहीं भी हमारे देखने में आवेगा कि त्वम् और अहम् के स्थान में तं और हं जैसे प्रयोग चंद ने किए हैं। इसमें हम को कुछ भी आश्चर्य नहीं करना चाहिए क्योंकि चंद के इस नीचे लिखे वाक्य से हम अच्छी तरह समझ सकते हैं कि उस ने अपने इस महाकाव्य की भाषा में षट भाषा और पुरान की भाषा का आश्रय लिया है–

श्लोक ॥ उक्ति धर्मे विशालस्य । राजनीति नवं रसं ।
षट भाषा पुराणं च । कुरानं कथितं मया ॥ १ ॥

अब शेष चौथी पंक्ति का पाठ **"थिर चर जंगम जीव चंद नमयं सर्वेस वरदा मयं"** में १४+८=२२ अक्षर हैं। इसके स्थान में जो यह पाठ **"थिर्चजंगम जीव चंद नमयं सर्वेस वर्दामयं"** शुद्ध किया गया है उसके लिये ऊपर कही हुई युक्तियों से ही हमारा शोधन करना ठीक मालूम हो सकता है। इसमें इतना और भी आवश्यक है कि सोसाईटी की मुद्रित की हुई पुस्तक में जो **चंदनमयं** पदच्छेद किया है वह अयुक्त है और मिस्टर ऐफ· ग्राऊज़ सासब ने जो **चंद** और **नमयं** पदच्छेद किए हैं वे ठीक हैं और हम भी मिस्टर ग्राऊज़ के पदच्छेद से सम्मत हैं॥

जो पाठ हमने जिस रीति से इस रूपक में शुद्ध किए हैं वे अथवा वैसे ही भी पाठ जो कहीं आगे इस ग्रंथ भर में आवेंगे तो हम उन पर सर्वत्र टिप्पण नहीं करेंगे किन्तु वहां का मूल पाठ हमारे यहां पर वर्णन किए शोधन के प्रकार के अनुसार शुद्ध रहैगा। पाठक महाशय इन ही नियमों से उन पाठों को सिद्ध कर समझ लें अर्थात् जिस नियम को एक स्थान पर टिप्पण में वर्णन कर देंगे वह अन्यत्र नहीं कहा जावेगा। किन्तु जहां कोई नवीन प्रयोग आवेगा वहां उसका वर्णन कर दिखावेंगे॥

जैसे चंद के प्रयोग किए हुए छंदों के नाम और उनके लक्षणों के शोध करने में पुरातत्त्ववेत्ताओं को परिश्रम पड़ता है वैसे ही उसके इस महाकाव्य के अर्थ लगाने में भी अनेक प्रकार की अड़चलें उपस्थित होती हैं। यद्यपि हमारा मुख्य काम इस ग्रंथ के मुद्रित करने में केवल इतना ही है कि उसके मूलपाठ को सार्थक शोध दें परंतु यह महाकाव्य वर्तमान समय में ऐसी बिगड़ी हुई दशा में उपस्थित है कि जो उस पर इतना परिश्रम न किया जाय कि जितना हम यह करते हैं तो हमारा किया हुआ शोधन पुरातत्त्ववेत्ता विद्वानों को भली भांति संतुष्ट नहीं कर सकता। अतएव हम चंद के काव्य की अर्थ संबन्धी कठिनता को दिखलाने के लिये केवल इस मंगलाचरण के रूपकं का अर्थ उदाहरण के लिये करते हैं कि जिससे हमारे पाठकों को मालूम हो कि मूलपाठ का शुद्ध होना अर्थ पर दृष्टि दिए बिना असंभव है। महाकवि चंद अपने इस महाकाव्य के आरंभ में इस मंगलाचरण के रूपक में आदिदेव, गुरू, वाणी, लक्ष्मीश, सुरनाथ और सर्वेश को नमस्कार करता है वह कहता है कि "आदिदेव को नमन कर को और गुरु को नमस्कार करके; वाणी के पदों को वंदन; स्वर्ग, पाताल, (और) पृथ्वी के स्रष्टा लक्ष्मीश के चरणों का आश्रय, दुष्टों के दहन करने को तम गुण (जिस) ईश में रहता है [उस] सुरनाथ की पादुका का सेवन [और] थिर, चर, जंगम, [और] जीव के वरदायमय सर्वेश को [मैं] चंद नमन करताहूं"

हमारे किए इस अर्थ के विचार से विद्वानों को मालूम हो सकेगा कि यद्यपि इस के अनेक प्रकार के अर्थ हो सकते हैं परंतु यह अर्थ चंद के व्याकरण शास्त्र संबन्धी जो नियम उसके इस ग्रंथ से मालूम होते हैं उनके अनुसार सरल और कवि की उक्ति के अनुकूल है। इसमें कितनेक शब्द ऐसे ऐसे भी हैं कि जो अर्थ करने वाले को चमका और भड़का देते हैं परंतु हम इस रूपक के सब शब्दों के विषय में अर्थात् जिसके विषय में जितना कहना आवश्यक है वह कहते हैं—

आदीदेव [सं· पु· आदिदेवः। आदो दीव्यति स्वयं राजते] नारायण। इस शब्द के विषय में हम ने ऊपर कहा है अतएव यहां विशेष नहीं कहते किन्तु उसके प्रयोग के दो प्रमाण और भी यहां देते हैं—सहस्रात्मा मया योव आदिदेव उदाहृतः ॥ या· स्मृ· ॥ वासुदेवो बृहद्भानुरादिदेवः पुरंदरः ॥ वि· सहस्रनाम ॥

प्रनम्य (सं॰ प्रणम्य) नमन करके अथवा प्रणाम कर के ॥

नम्य (सं॰ अ॰ नमः अथवा नम्=नमना) नमस्कार करके। इस शब्द के भी म्य पर साटक की ध्वनि के अनुसार ताल है अर्थात् यहां भी स्वर उदात्त है ॥

गुरुयं गुरु को। यह चंद की हिन्दी के पुल्लिंग गुरु शब्द की द्वितीया का निज प्रयोग है। चंद के ऐसे निज प्रयोगों को देख कर हम को आश्चर्य के वश न हो जाना चाहिए किन्तु इस बात की खोज करनी चाहिए कि चंद की हिन्दी के व्याकरण संबन्धी नियम क्या और कैसे हैं। और ऐसे अनुस्वार सहित शब्दों को देख कर यह अनुमान भी नहीं करना चाहिए कि रासो का ग्रंथकर्त्ता ऐसा निर्बोध था कि उसको अनुस्वार और विसर्ग तक का ज्ञान नहीं था। ये हमारे अन्वेषण ध्यान में लाने योग्य हैं कि प्रथमत: चंद की हिन्दी तीन प्रकार की है षट–भाषा–और–कुरान की–भाषा की–योनिवाली १ षट–भाषा–और–कुरान की-भाषा के सम २ और देशी प्रसिद्ध ३। दूसरे सांप्रत हिन्दी में तो नपुंसकलिंग नहीं है परंतु चंद की हिन्दी में तीनों लिंग हैं। तीसरे जितनी संज्ञा अनुस्वार सहित उसमें प्रयोग हुई हैं वे पुल्लिंग अथवा नपुंसकलिंग ही हैं। देखो यहां **नम्य गुरुयं** वाक्य खंड में कवि के अर्थ को ध्यान में लाने से गुरुयं शब्द पुल्लिंग में प्रयोग किया गया मलूम होता है और पांचवें रूपक की इस तुक **गुरं सव्व कव्वी लहू चंद कव्वी जिन दर्सियं देवि सा अंग हव्वी** ॥ में गुरं शब्द चंद ने अपनी हिन्दी के नपुंसकलिंग की प्रथमा में प्रयोग किया है। और जहां क्रिया शब्दों में अनुस्वार हैं जैसे इसी प्रमाण में प्रवेश की गई तुक में **दर्शियं** शब्द है वह संस्कृत **दर्शितं** से है। बहुत से शब्दों पर लेखकों ने अपने अव्युत्पन्न होनेके कारण जो अनुस्वार लगा दिये हैं उनका सूक्ष्म विचार करने से विद्वान स्पष्ट जान सकते हैं कि यहां कवि ने अनुस्वार का प्रयोग नहीं किया था किन्तु लेखकों ने अपनी अज्ञानता से लगा दिए हैं और कहीं कहीं उन्हों ने कवि के प्रयोग किये हुए अनुस्वारों को उड़ा दिया है जैसे पांचवें रूपक के भुजंगप्रयात छंद की पहिली तुक में चंद ने ऐसा प्रयोग किया था कि **प्रथमं भुजंगी सुधारी ग्रहनं जिनैं नाम एकं अनेकं कहनं** ॥ उस के स्थान में एशियाटिक सोसाईटी की छापी हुई पुस्तक१ के पत्र ३ में देखो कि जिस लिखित पुस्तक से वह छापी गई है उसके लेखक ने **प्रथम भुजंगी सुधारी ग्रहनं जिनै नाम एकं अनेकं कहनं** ॥ पाठ कर दिया है। इसके अतिरिक्त चंद के अनुस्वार सहित शब्दों के प्रयोग करने के और भी अनेक कारण हैं परंतु वह जब अपने संकलित किये हुए चंद के व्याकरण संबन्धी नियम हम कुछ समय में प्रकाश करेंगे तब स्पष्ट रीति से हमारे पाठकों को हमारे बड़े परिश्रम से सिद्ध किये हुए अन्वेषण मालूम हो जांयगे ॥

वानीय (सं॰ स्त्री॰ वाणि:=सरस्वत्याम्) सरस्वती के। यह चंद की हिन्दी में षष्ठी के एक वचन का रूप है और जैसे संस्कृत में श्री: शब्द के रूप में षष्ठी का श्रिय: होता है उसी तरह चंद ने अपनी हिन्दी में वानीय किया है ॥

वंदे-वंदन करता हूं ॥ चेत रखना चाहिए कि हम ऊपर **गुरुयं** शब्द की व्याख्या में चंद की हिन्दी तीन प्रकार की होना बतला आए हैं उसमें से यहां यह **वंदे** संस्कृत–सम के रूप का प्रयोग चंद ने किया है ॥

पयं (सं॰ पय=गतौ) चरणों को ॥ यह चंद की हिन्दी के पुल्लिंग की द्वितीया का रूप है। कोई कोई कवि जो **पय** शब्द को पैर का वाचक होना बिलकुल्ल नहीं बताते और उसका अर्थ यहां "दूध जैसी श्वेत अथवा जल जैसी निर्मल सरस्वती को वंदन करता हूं", करते हैं वे भूलते हैं। **पय** शब्द पैर का वाचक सांप्रत हिन्दी में भी रात्रि दिन बोलचाल में आता है जैसे **पयलगी**,

पैलगी, पालागन, पाय और पयदृत्त, इत्यादि । और संस्कृत में भी पय-ताती है । मिस्टर ग्राउज साहब ने जो इस शब्द को पैर का वाचक अपने अंग्रेजी अनुवाद में माना है वह बहुत ठीक है और हम उनसे इस में सम्मत हैं ॥

सिष्टं (सं० त्रि० सृष्टः=निर्मिते । रचिते) सृजनेवाला । यह चंद की हिन्दी में सं० सृष्टः सृजनेवाले का नपुंसकलिंग की प्रथमा का एकवचन है । इस को शिष्ट अथवा श्रेष्ठ आदि शब्दों का अपभ्रंश मानना अयुक्त है किन्तु वह चंद की हिन्दी में सं० त्रि० सृष्टः का सिष्टं बना है इसी तरह सं० भृष्ट, भ्रष्ट, घृष्ट, वृष्ट, के अपभ्रंश रूप हिन्दी में भिष्ट, घिष्ट, विष्ट, होते हैं ॥

धारण [सं० पु० धारण=स्वर्लोके] स्वर्गलोक ॥ **धारयं** [सं० त्रि० धारय=धारके । नाग देशे ॥ धारयैः कुसुमोर्म्मीणाम् । भट्टिः] पाताललोक ॥ **वसुमती** [सं० स्त्री० भूलोक । स्पष्टम्] भूलोक यहां थोड़ा सूक्ष्म विचार कर हमारे किये अर्थ की सत्यता जांचने का काम है क्योंकि **सिष्टं धारण धारयं वसुमती लच्छीस चर्नाश्रयं** का अर्थ अनेक कवि अनेक प्रकार का करते हैं परंतु हम उन को चंद के अभिप्राय के अनुकूल नहीं समझते । इन शब्दों के पृथक् पृथक् अर्थ तो हम ने संस्कृत कोशों से लेकर वर्णन कर ही दिये हैं । इस के सिवाय **लच्छीस** शब्द जो विष्णु का वाचक है वह हम को यह अर्थ करने को स्पष्ट लखाता कराता है कि धारण=स्वर्गलोक, धारयं=पाताललोक ॥ और वसुमती=भूलोक का सिष्टं=सृजनेवाला [जो] लच्छीस=विष्णु [उस के] चर्नाश्रयं=चरणों का सेवन [करता हूं) यही बहुत ठीक अर्थ है क्योंकि यहां तत्पुरुष समास है और लक्ष्मीश का अर्थ विष्णु शास्त्रों में नीचे लिखे प्रमाण से स्पष्ट है उस से भी हमारा किया हुआ अर्थ अच्छी तरह पुष्ट होता है—

यस्मात् विश्वमिदं सर्वं तस्य शक्त्या महात्मनः ।
तस्मात् देवोच्यते विष्णु विशधातोः प्रवेशनात् ॥
ज्योतींषि विष्णुर्भुवनानि विष्णुर्वनानि विष्णुर्गिरयो दिशश्च ।
नद्यः समुद्राश्च स एव सर्वो यदस्ति यन्नास्ति च विप्रवर्येति ॥
अनादि निधनं विष्णुं । सर्वलोक महेश्वरं ।
लोकाध्यक्षं स्तुवं नित्यं । सर्व दुःखाति गो भवेत् ॥ ६ ॥
लोकनाथं महद्भूतं । सर्वभूतभवोद्भवं ॥ १० ॥
लोकाध्यक्षः सुराध्यक्षो । धर्माध्यक्षः कृतः कृतः ॥ ३१ ॥
लक्ष्मीवान् समितिं जयः ॥ ५६ ॥ श्रीमाल्लोक चयाश्रयः ॥ ८२ ॥
त्रिलोकात्मा त्रिलोकेशः । केशवः केशिहा हरिः ॥ ८६ ॥
लोकस्वामी त्रिलोक धृत् ॥ ८७ ॥ लोकाधिष्ठानमद्भुतः ॥ ११२ ॥
त्रीन् लोकान् व्याप्य भूतात्मा । भुंक्ते विश्व भुगव्ययः ॥ १४४ ॥
वासनाद्वासुदेवस्य । वासितं भुवन त्रयं ॥ १५३ ॥

चर्णाश्रयं (सं० चरण + आश्रयं =) चरणों का सेवन ॥ यह अनुस्वार सहित शब्द भी चंद की हिन्दी का संस्कृत-सम नपुंसकलिंग है ॥

तं । गुं [सं० न० तमः और पु० गुणः] तम । गुण । चंद की हिन्दी के नपुसकलिंग ॥ प्राकृत-भाषा सम का प्रयोग ॥

तिष्ठति (सं० तिष्टति) रहता है । चंद की हिन्दी के संस्कृत-समभेद का रूप है ॥
ईस(सं० पु० ईशः = महादेव) सदाशिव ॥
दुष्ट (सं० न० दुष्टं = अधमो वंचके) दुष्ट ॥ दुष्ट दहनं = दुष्टों के दहन करने के लिये अथवा दुष्टों के दहनार्थ ॥
दहनं (सं० पु० दहनः = दाहे । भस्मी करणे ।) दहन के लिये चंद की हिन्दी का नपुं० है ॥
सुनाथ (सं० पु० सुर+नाथ = रुद्रे) महादेव की ॥
सिद्धि (सं० स्त्री० = सिद्धिः = पादुकायाम्) पादुका का ॥
श्रयं (सं० पु० श्रयः = श्रयणे । आये ॥ श्रित्र् = सेवायाम्) सेवन ॥ सिद्धि श्रयं = पादुका का सेवन ॥
थिर (सं० पु० स्थिरः = स्थिर पदार्थः) स्थिर वस्तु जैसेः - पर्वत और पृथ्वी आदि ॥
चर (सं० पु० चरः = चले) चर वस्तु अथवा पदार्थ जैसे वस्तु और जलादि ॥
जंगम (सं० त्रि० जंगमः = पशुपक्षी) कीट पतंगादि ॥
जीव (सं० पु० जीवः = प्राणिनि) मनुष्यादि ॥ ध्यान में लेने की बात है कि पंडितों ने सब पदार्थों को स्थावर और जंगम नामक दो भेदों में ही विशेष करके विभक्त किया है । परन्तु चंद ने सब पदार्थों के चार भेद माने हैं । प्रथम स्थिर, जो सदैव स्थिर रहते हैं, जैसे पर्वतादि; दूसरे चर, जो सदैव स्थिर नहीं रहते, जैसे स्थानादि, तीसरे जंगम जो जीव दूध नहीं पीते, जैसे कीट पतंगादि, और चौथे जीव, जो दूध पीते हैं, जैसे मनुष्यादि । हम ने किसी किसी कवि को इन चारों शब्दों के प्रयोग करने के कारण चंद कवि को दोष देते हुए सुना है परन्तु यह उनकी भूल है, क्योंकि उन्हों ने कवि के सूक्ष्म आशय को ध्यान देकर नहीं समझा है ॥
चंद बरदाई = इस महाकाव्य का ग्रंथ-कर्त्ता कि जो हिन्दुओं के अंतिम बादशाह पृथ्वीराज जी चौहान का लँगोटिया मित्र और उनके दरबार का कविराज था । वह भट्ट जाति जो आज कल राव करके कहलाती है उसके जगात नामक गोत्र का था और उसके पुर्षा पंजाब देश के लाहौर नगर के रहने वाले थे और उनकी यजमानी अजमेर के चौहानों की थी । उसकी जैसी शूरवीरता इस महाकाव्य से विदित होती है उसका मुख्य कारण यही है कि वह पंजाब देश की अद्यावधि प्रसिद्ध वीर भूमि के तत्त्वों से उत्पन्न हुआ था और राजपुताने के हृदयरूपी अजमेर नगर में बड़ा हुआ था । वह षट-भाषा, व्याकरण, काव्य, साहित्य छंद शास्त्र, ज्योतिष, वैद्यक, मंत्रशास्त्र, पुराण, नाटक, और गान आदिक विद्याओं में अच्छा व्युत्पन्न पंडित था । उसके पिता का नाम वेण और विद्या-गुरु का नाम गुरुप्रसाद था । उस की दो स्त्रियों के नाम कमला अर्थात् मेवा और गौरी अर्थात् राजोरा और एक लड़की का नाम राजबाई और दस लड़कों के नाम सूर १ सुन्दर २ सुजान ३ जल्ह ४ बल्ह ५ बलिभद्र ६ केहरि ७ बीरचंद ८ अवधूत अर्थात् योगराज ९ और गुनराज १० थे । इस महाकाव्य के विषयों को वैसे तो उसने समय समय पर बना कर कंठ कर रक्खा था परन्तु उन को ग्रंथाकार में उस ने ६० ॥ दिन में रचा था और अंत को उसने रासो की पुस्तक अपने लड़के जल्ह को दी थी । इस रासो के अतिरिक्त उस के रचे और भी कई एक ग्रंथ सुनने में आते हैं परन्तु उन में सब से बड़ा ग्रंथ यही है और अन्य सब ग्रंथ अब बिलकुल नहीं मिलते हैं । उसका सविस्तर जीवनचरित और वंशावली जहां तक हमारे जानने में ख्यातादि से आई है वह हम इस ग्रंथ के समाप्त होने पर छाप कर प्रसिद्ध करेंगे ॥

धर्म्म-स्तुति ॥

बथूआ ॥ प्रथम सुमंगल मूल अतबिय । सृति सत्य जल सिंचिय ।
सुतरु एक धर ध्रम्म उभ्यौ ॥
चिषट साष रम्मिय त्रिपुर । बरन पत्त मुख पत्त सुभ्यौ ॥
कुसम रंग भारथ सुफल । उकति अलंब अमीर ॥
रस दरसन पारस रमिय । आस असन कवि कीर ॥
छं० ॥ २ ॥ रू० ॥ २ ॥

नमयं = नमस्कार अथवा नमन करता है अथवा करता हूं ॥
सर्वेस = (सं० सर्वेशः = ब्रह्मा) ब्रह्मा ॥
वर्द्दामय़ं = वरद – स्वरूप ॥

२ इस रूपक के छंद का बथुआ नाम चंद कवि ने तो अपने समय का प्रसिद्ध ही लिखा है परन्तु वह सांप्रत काल में पुरातत्त्ववेत्ता और कविराजाओं को भी पूरा परिश्रम देनेवाला एक छंद है। हमने इस छंद के लक्षण के लिये अपने अंग्रेजी भरतखंड के कवियों के अतिरिक्त राजपूताने के कवियों से भी पूछा और सब ने आज कल के उपलब्ध छंद–ग्रंथों में भी उसे ढूंढा परन्तु जो कवि पक्षपात रहित और सज्जन हैं उन्हों ने तो स्पष्ट कह दिया कि इस नाम का कोई छंद हमारे जानने में नहीं आया है किन्तु चंदकृत इसी महाकाव्य में इस छंद का नाम देखने में आता है- परन्तु जो कवि ऐसे हैं कि अपनी हठ – उक्ति के आगे और कुछ ध्यान में ही नहीं लाते उनमें से किसी ने आर्य्या का एक भेद और किसी ने कहा कि इसमें लेखक और शोधक कवि के दोष से काव्य छंद में अथवा उगाहा में दोहा मिल गया है परन्तु किसी का भी कहना पुरातत्त्ववेत्ताओं को संतोष देने वाला नहीं हो सकता है। इस छंद के विषय में हमारा कहना यह है कि जो आज अमर और भरतकृत छंद–ग्रंथ उपलब्ध होते कि जिन का आश्रय चंद ने लिया है तो उस के शोध में कुछ कठिनता नहीं पड़ती–हम इस छंद को रूपदीप पिंगल में वर्णन किये हुए रिड्डुक का नामान्तर होना निःसंदेह मान कर उस का शोधन करते हैं। देखो रूपदीप पिंगल में रिड्डुक छंद में ही रिड्डुक का यह लक्षण कहा है–

रिड्डुक नाम छंद लक्षण ।

कीजे कला प्रथम तिथ मान, दश एको दूसरे, तीजे गिन दश पांचरिये ॥
फिर चोथे दस एक । परख्यन में पांच में करिये ॥
रोडा सत सठ मत्त है । कीनो सेस बखान ॥
तामें फिर दोहा मिले । रिड्डु छंद पहिचान ॥

इससे मालूम होगा कि यह बथुआ छंद कैसा एक विचित्र छंद है कि जिसकी पहिली तुक में दो यति होने के कारण १५ + ११ + १५ = ४१ मात्रा होती हैं और दूसरी में एक यति होने से ११ + १५ = २६ मात्रा और सब मिलकर ६७। इन दो तुकों के पीछे एक दोहा होता है। जो इसमें दोहा न लगावें तो जहां तक ६७ मात्रा होती हैं वहां तक का रोडा नामक छंद होता है।

कर्म्म-स्तुति ॥

कवित्त ॥ प्रथम मंगल प्रमान । निगम संपजय वेद धुर ॥
त्रिगुन साख त्रिहुं चक्क । वरन लग्गो सु पत्त छर ॥
त्वचा भ्रम्म उद्धरिय । सत्त फूल्यौ चावद्दिसि ॥
क्रम्म सुफल उद्यत्त । अम्रत सुम्रत मध्य वसि ॥
डुलै न वाय न्रप नीति भति । स्वाद अम्रत जीवन करिय ॥
कलि जाय न लगै कलंक दुहि । सत्ति मत्ति आढति धरिय ॥
छं० ॥ ३ ॥ रू० ॥ ३ ॥

इस छंद की प्रथम तुक कि यति के प्रथम टुकड़े में बीय पाठ अशुद्ध है उस के स्थान में हम नें त्रिय किया है। और दूसरी यति के दूसरे टुकड़े में सिंचियइ के स्थान में सिंचिय और भ्रम्मं के स्थान में भ्रम्म और यत के स्थान में पत्त, भारद्दै को भारह, और परस को पारस शुद्ध किया है और ये शोधन ऐसे साधारण हैं कि जिनके लिये कोई तर्क लिखने की आवश्यकता नहीं है ॥

३ इस रूपक में ग्रंथकर्त्ता वृत्त के रूपकालंकार से धर्म्म की स्तुति करता है ॥

कवि ने इस रूपक के छंद को कवित्त संज्ञा दी है। सांप्रत काल में यह छप्यय, छप्पै षटपद, षटपदी आदिक नामों से प्रसिद्ध है परंतु सत्रहवीं शताब्दी के पहिले वह कवित्त नाम से ही प्रसिद्ध था। रूपदीप पिंगलवाले ने भी जो नीचे लिखा छप्यय का लक्षण कहा है उसमें उसने भी यह कहा है कि–"सुन गरुड पंख पिंगल कहै छप्पै छंद कवित्त यह इससे सिद्ध होता है कि इस ग्रंथ के बनने के समय तक छप्पै का नामान्तर कवित्त करके प्रसिद्ध था ॥

छप्पै

लहु दीरघ नहि नेम । मत्त चोबीस करीजे ॥
ऐसे ही तुक्क सार । धार तुक चार भरीजे ॥
नाम रसावल होय । और वस्तू कभि जानहु ॥
उल्लाला की विरत । फेर तिथि तेरह आनहु ॥
द्वै तुक्क बनावो अंत की । यत यत में अठ बीस गहु ॥
सुन गरुडपंख पिंगल कहै । छप्पै छंद कवित्त यह ॥

इस के अतिरिक्त मंछ कवि कृत रघुनाथ रूपक में भी उसने छप्पै छंदों को कवित्त कर के ही लिखा है ॥

इस के पाठ को शोधन करने में ध्यान में लेने जैसी बात है कि प्रथम और मंगल शब्दों के बीच में जो बहुत सी पुस्तकों में किय शब्द है वह अधिक होने से अशुद्ध है क्योंकि उस पाद में कुल ११ मात्रा होनी चाहियें बेदलेवाली पुस्तक में संपजय शब्द है और एशियाटिक सोसाइटी की छापी हुई पुस्तक में जो संपूजय किया गया है–इसमें मेरी सम्मति यह है कि पाठ में तो संपजय ही रखना चाहिये परंतु अर्थ करने में संपूजय समझना चाहिये–क्योंकि संमपूजय

मुक्ति-स्तुति ।

कवित्त ॥ भुगति भूमि किय क्यार । वेद सिंचिय जल पूरन ॥
बीय सुबय लय मध्य । ग्यांन अंकू रस जूरन ॥
त्रिगुन साख संग्रहिय । नाम बहु पत्त रत्त छिति ॥
सुक्रम सुमन फुल्लयौ । मुगति पक्की द्रव संगति ॥
दुज सुमन डसिय बुध पक्क रस । वट विलास गुन पित्तरिय ॥
नरु इक्क साख त्रयलोक महि । अजय विजय गुन वित्तरिय ॥
छं० ॥ ४ ॥ रू० ॥ ४ ॥

पूर्व कवियों की स्तुति और उच्छिष्ट संज्ञा कथन ॥

भुजंगप्रयात ॥

प्रथमं भुजंगी सुधारी ग्रहंनं । जिनें नाम एकं अनेकं कहंनं ॥

पाठ रखने से छंद टूटता है। गुजराती भाषा में ऐसे शब्द बहुत आते हैं जैसे मुकुन्दराम का मकन्दराम, तुलसी का तलशी, और शिव का शव । ऐसे मुख दोष के कारण से बिगड़े हुए शब्दों के रूपों के लिये एक यह श्लोक भी प्रसिद्ध है–

गुर्ज्जरो मुखदोषेण । शिवोपि शवतां गत: ॥
तुलसी तलशी जाता । मुकुन्दोपि मकन्दतां ॥

इसके अतिरिक्त चंद की हिन्दी में ऐसे प्रयोग बहुत से आवेंगे जैसे "बिन्दलालाट प्रसेद कियो" यहां प्रस्वेद का प्रसेद हुआ है। चिहुं के स्थान में चिहु किया है क्योंकि यहां अर्ध अनुस्वार प्राप्त है। लग्गो के स्थान में लग्गो, उदयत के स्थान में उदयत्त । लग्गौ के स्थान में लगै और सति मति के स्थान में सत्ति मत्ति सुधारे हैं क्योंकि ऐसे पाठ सुधारने में छंद के टूटने का दोष हम को स्वयम् सचेत करता है ॥

४ इस रूपक में भी चंद कवि रूपकालंकार से कर्म की स्तुति करता है ॥

इसके पाठ में एशियाटिक सोसाईटी आदि की पुस्तकों में जो अंकूर और सजूरन पाठ हैं वे एक बालक भी जान सकता है कि बड़ेही अशुद्ध हैं किन्तु दृष्टि देने से हमारे किये पद-च्छेद से सार्थक पाठ हो जाते हैं अर्थात् अंकू रस जूरन। हम ने रत के स्थान में रत्त, छित्ति के स्थान में छित पाठ किये हैं। हमारे डसिय पाठ के स्थान में आगरा कालेज और बेदले आदि की पुस्तकों में झसिय पाठ है परंतु वह अशुद्ध है। मालूम होता है कि उन के लेखकों ने ड को ऐसा झ समझ कर अशुद्ध पाठ लिख दिया है और अर्थ पर दृष्टि देकर प्रति नहीं की है ॥

५ स्मरण में रखना चाहिये कि इस रूपक में कवि रूपकालंकार से मुक्ति की स्तुति करता है अर्थात् चंद ने दूसरे तीसरे और इस चैाथे रूपकों में क्रम से धर्म्मेश्वर, कर्म्मेश्वर, और मुक्तेश्वर नामक ईश्वरों के मंगलाचरण किये हैं ॥

६ इस भुजंगप्रयात नामक छंद का लक्षण चंद कवि के माने हुए छंद ग्रंथों में से पिंगलमुनि

दुती लभ्भयं देवतं जीवतेसं । जिनैं विश्व राख्यौ बली मंच सेसं ॥
त्रवं वेद बंभं हरी कित्ति भाखी । जिनैं ध्रम्म साधम्म संसार साखी ॥
तृती भारती व्यास भारत्थ भाख्यौ । जिनैं उत्त पारथ्थ स रथ्थ साख्यौ ॥
चवं सुक्खदेवं परीखत्त पायं । जिनैं उद्धर्यौ श्रब्ब कुवंस रायं ॥
नरं रूप पंचम्म श्रीहर्ष सारं । नलैराय कंठं दिने पद्ध हारं ॥
छटं कालिदासं सुभाषा सुबद्धं । जिनैं वागवानी सुबानी सुबद्धं ॥
कियो कालिका मुख्ख बासं सुसुद्धं । जिनैं सेत बंध्योति भोज प्रबंधं ॥
सतं डंडमाली उलाली कवित्तं । जिनैं बुद्धि तारंग गंगा सरित्तं ॥
जयद्देव अट्ठं कवी कब्बिरायं । जिनैं केवलं कित्ति गोविंद गायं ॥
गुरं सब्ब कब्बी लहू चंद कब्बी । जिनैं दर्सियं देवि सा अंग हब्बी ॥
कवी कित्ति कित्ती उकत्ती सुदिख्खी । तिनैं की उचिष्टी कवी चंद भख्खी ॥
छं० ॥ १० ॥ रू० ॥ ५ ॥

यह लिखते हैं कि "भुजं प्रयातं यः ॥३८ ॥ अर्थात् जिस के पाद में चार यकार (यगण) हों वह भुजंगप्रयात नामक छंद कहाता है ॥

इस पांचवें रूपक के जो पाठक एशियाटिक सोसाईटी की और अन्य पुस्तकों में बहुत अशुद्ध हैं वे ये हैं:-प्रथम। ग्रहनं। कहनं। लब्भयं। भारथ। उतपारथ। सारथ। सुखदेवं। परीषत। उद्धयौं श्रव। कुरुवंस षद्ध। कालिदास। मुष्य। सुसुद्ध। वंध्यौ। तिभोजन। बुद्धितारंग। गंगासरित्तं जयदेव। अठं। केवल। दरसिय। उकति। तिन। कवि। और भष्यी। इनमें से प्रत्येक को सिद्ध करने के लिये जो हम सतर्क विवेचना करें तो बहुत स्थान चाहिये परंतु मैं आशा करता हूं कि पुरातत्त्ववेत्ता इन को हमारे शुद्ध पाठों से मिलाकर और जो कुछ चंद कवि की हिन्दी के नियम हम ने संक्षेप में पहिले प्रकाश किये हैं उनसे विचार कर सिद्ध कर लेंगे।

इस रूपक में चंद कवि अपने से पहिले हुए मुख्य मुख्य कवियों की स्तुति करके अंत की दो तुकों में उनको अपने गुरु मान कर और आप निरभिमानी होकर अपने काव्य को उनके कहे काव्य की उच्छिष्टी होने की संज्ञा देता है। जैसे कि इस महाकाव्य के किसी किसी रूपक में चंद के समय के पीछे बरते हुए वृत्त लिखे प्राप्त होते हैं और उन पर से इस ग्रंथ की प्रामाणिकता में संदेह किया जाता है वैसेही यह रूपक क्या इस ग्रंथ की प्रामाणिकता के सिद्ध करनेवाला एक प्रमाण रूप नहीं है? और अन्य कवि जैसे श्रीहर्ष और जयदेवादि के समय के निश्चय और निर्णय करने में पुरातत्त्ववेत्ताओं का सहायक और उपकारी नहीं हो सकता है?

इस के अतिरिक्त इस छंद की तीसरी तुक में जो एक बंभं शब्द चंद कवि ने प्रयोग किया है उस को देख कर चारण राव और भाट जाति के अच्छे अच्छे कवियों को हम ने आश्चर्य करते हुए देखा है और वे उसका अर्थ बंड बंड करते हैं। कोई उसको ब्रह्म शब्द का अपभ्रंश बतलाता है और कोई चारों वेदों के ग्रंथों का वाचक बतलाता है और कोई कहता है कि महादेव की मूर्ति के आगे जो गाल बजा के बंबं शब्द मुख से कहते हैं और ऐसा करने से महादेव प्रसन्न हो

चंद की स्त्री अपने पति के उच्छिष्ट संज्ञा कथन में शंका करती है ॥

दूहा ॥ उचिष्ट चंद छंदह वयन । सुनत सु जंपिय नारि ॥
तनु पवित्र पावन कविय । उकति अनूठ उधारि ॥
छं० ॥ ११ ॥ रू० ॥ ६ ॥

कवित्त ॥ कहै कंति सम कंत । तंत पावन बड़ कब्बिय ॥
तंत मंत उद्धार । देवि दरसिय भक्ति चब्बिय ॥

जाते हैं उसका वाचक है परन्तु इस शब्द का हम पता लगाकर बताते हैं कि यह बंभं चंद का हिन्दी का भूतकालिक क्रियावाचक शब्द है और संस्कृत भाषा में यङ्लुगन्तप्रक्रिया के प्रयोगों में जो बंभणीत बभंति प्रयोग प्रसिद्ध होता है उससे बना है और उसका यहां फिर २ वा वार २ पढ़ा वा भणा का अर्थ है। क्योंकि "चवं वेद बंभं हरी किति भाखी" इस तुक का अर्थ यह है कि जिस "जीवतेस ने चारों वेदों को बार २ पढ़ा वा भणा और हरी की कीर्ति को भाखा" जो मनुष्य संस्कृत भाषा में अच्छा व्युत्पन्न और पक्षपात और हठ जैसे दोषों से विमुक्त और सत्य का दृढ़ अवलंबन करनेवाला है वह हम आशा करते हैं कि ऐसे प्रयोगों को देख कर कदापि यह नहीं कहेगा कि इस महाकाव्य का ग्रंथकर्त्ता चंद्र संस्कृत भाषा में अव्युत्पन्न था ॥

इस रूपक में चंद कवि आठ कवियों को अपने गुरु मान कर उन की स्तुति और उनकी काव्य रचन–शक्ति का वर्णन करता है वह सब से पहिले भुजंगी नाम से परमेश्वर को कवि ग्रहण करता है क्योंकि वेदादिक में उस का कवि नाम कहा है यथा –

"होता वा दैव्या कवी०" यजु: "प्रथम वरजं भेषजं कविम्०" यजु:
"कविर्मनीषी परिभू: स्वयंभू०" ईशोपनिषत्
"कवि: क्रान्तदर्शी सर्वर्डक् नान्यतोऽस्ति द्रष्टा" इश्रुते: ॥ शा० भा०
"कवि पुराणमनुशासितारम्०" गीता ॥

दूसरे जीवतेश सेष्प्राणनाथ अर्थात् ब्रह्मा कि जो आदि कवि कहता है जैसे भागवत में कहा है कि "तेने ब्रह्महृदा य आदि कवये मुह्यन्ति यत् सूरय" ॥

बाकी सब कवियों के विषय में कुछ विशेष कहने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि सर्व साधारण लोग व्यासादि के नाम से भले प्रकार विज्ञ हैं ॥

६–७–कवि चंद ने जो पहिले रूपक में अपने काव्य को अपने से पहिले हुए कवियों के काव्य का उच्छिष्ट होना कहा है उसे सुन कर उसकी स्त्री उच्छिष्ट संज्ञा में आश्चर्य के साथ शंका और अपने पति के गुणों का वर्णन करती है अर्थात् इन रूपकों में कवि चंद ने अपनी स्त्री के प्रश्नोत्तर के प्रसंग से अपने काव्य की उच्छिष्ट संज्ञा के हेतु और अपने गुण प्रकाश किये हैं। इन में सम, कंति और कंत शब्दों के प्रयोग विद्वानों की दृष्टि में रहने योग्य हैं। सम (सं० अ० सम्=संगे,–संबन्धे, समुच्चये,) को अथवा प्रति, और सम ब्रह्मरूप में सम शब्द तुल्य के अर्थ में कवि ने प्रयोग किया है ; कंति (सं० स्त्री कम्=ति) पत्नी अथवा स्त्री, और कंत (सं० पु० कम्+त) पुरुष अथवा

तंत बीर उग्रंत । रंग राजन सुख दाइय ॥
बाल केल प्रत्यंग । सुरनि उद्धरि कविताइय ॥
अवलंब उकति उच्चार करि । जिहित मोहि कोविद रचै ॥
सम ब्रह्मरूप या सब्द कहुँ । क्यों उचिष्ट कवियन कचै ॥
छं० ॥ १२ ॥ रू० ॥ ७ ॥

चंद अपनी स्त्री की शंका का समाधान करता है ॥

कवित्त ॥ सम बनिता बर बंदि । चंद जंपिय कोमल्ल कल ॥
सबद ब्रह्म इह सत्ति । अपर पावन कहि निर्मल ॥
जिहित सबद नहिं रूप । रेख आकार ब्रन्न नहिँ ॥
अकल अगाध अपार । पार पावन चयपुर महिँ ।
तिहिँ सबद ब्रह्म रचना करौं । गुरु प्रसाद सरसें प्रमन ॥
जद्यपि सु उकति चूकौं जुगति । तौ कमल बदनि कवितह हँसन ॥
छं० ॥ १३ ॥ रू० ॥ ८ ॥

चंद की स्त्री पुनश्च शंका करती है ॥

कवित्त ॥ तुम बानी बरबंद । नाग देखंत विमल्ल मति ॥
छंद भंग गन रहित । कंठ कौमार काव्य छत ॥

पति, यह तीनों चंद की हिन्दी के संस्कृत-सम प्रयोग है । और तंत और मंत शब्दों के प्रयोग भी दृष्टि देनें जैसे हैं तंत पावन में तंत =तत्व और तंत मंत में तंत=तंत्र और मंत=मंत्र के वाचक कवि ने प्रयोग किये हैं ॥

अन्य पुस्तकों में यह अशुद्ध पाठ हैं:- सु, जंपिय, कवि, सुख, दाईय, कविताईय, को, विद, समब्रह्मरूप, कहु कविय और न ॥

८ चंद इस रूपक में अपनी स्त्री को उसकी शंका का उत्तर देकर समाधान करता है । **शब्दब्रह्म** (सं० शब्दात्मकं ब्रह्म) शब्द का प्रयोग चंद के व्याकरण और वेदान्त विद्या के ज्ञान का द्योतक है । **गुरुप्रसाद** शब्द यहां श्लेषार्थ में कवि ने प्रयोग किया है क्योंकि ख्यातियों के अनुसार चंद के विद्या-गुरु का नाम गुरुप्रसाद था । यद्यपि कुछ विशेष वृत्त नहीं मिलते तथापि यह **गुरु प्रसाद** नामक पंजाब देश का रहनेवाला एक बड़ा पंडित हुआ है । **कवितह** चंद की हिन्दी का निज प्रयोग है और उस का अर्थ कवित्त अर्थात् काव्य रचनेवाले कवि का है। किसी किसी पुस्तक में जो बरबंदि, अमल, त्रयपूर, महि, तिहि, और प्रसन्न पाठ हैं वे अशुद्ध हैं ॥

९ जिन पुस्तकों में ये पाठ हैं-अमीय,सुनर, और समलहहि, वह अशुद्ध हैं इसमें दूसरी तुक का दूसरा पाद "कंठ कौमार काव्य छत" विद्वानों के ध्यान देने योग्य है। इसका आशय यह

बुधि तरंग सम गंग । उकति उच्चार अमिय कल ॥
सुंरन सुमत बिहसंत । मंत जनु वस्य करन बल ॥
अवतार भूप प्रिथिराज पहु । राज सुख तिन सम लहहि ॥
बीराधि बीर सामंत सब । तिन सु गल्ह अच्छी कहहि ॥
छं० ॥ १४ ॥ रू० ॥ ९ ॥

चंद अपनी स्त्री की शंका का पुनश्च समाधान करता है ॥

कवित्त ॥ गज गवनी प्रति चंद । छंद कोमल उच्चारिय ॥
मनहरनी रस बेलि । सुरन सागर रस धारिय ॥
बंक नयन बय बाल । प्रान वल्लभ सुखदाइय ॥
अगुन निगुन गुरु अहनि । गवरि पूजा फल पाइय ॥
भए आदि अंत कविता जिते । तिन अनंत गति मति कहिय ॥
अनेक ग्रंथ तिन बरनवत । यौं उच्चिष्ट मति मैं लहिय ॥
छं० ॥ १५ ॥ रू० ॥ १० ॥

चंद अपनी स्त्री के आगे ईश्वर के ऐश्वर्य का वर्णन करता है ॥

॥ पद्धरी ॥
प्रनम्म प्रथम मम आदिदेव । ऊंकार सब्द जिन करि अछेव ॥
निरकार. मध्य साकार कीन । मनसा बिलास सह फल फलीन ॥ १६ ॥
चयगुनह तेज चयपुर निवास । सुर सुरग भूमि नर नाग भास ॥
फुनि ब्रह्मरूप ब्रह्मा उचारि । कथि चतुरवेद प्रभु तत्त सारि ॥ १७ ॥

है कि चंद की स्त्री अपने पति से कहती है कि तुम कंठ कौमार काव्य कृत हो अर्थात् तुम को कौमार काव्य कंठ है । क्यों यह भी चंद के संस्कृत भाषा में व्युत्पन्न होने का एक अच्छा प्रमाण नहीं है ?

१० अन्य पुस्तकों में ये पाठ अशुद्ध हैं बेली, सुखदाईय, जिते, बरन, बत और में । इस रूपक में **गवरि** शब्द श्लेषार्थ में कवि ने प्रयोग किया है क्योंकि ख्यातियों में चंद की स्त्री का नाम गौरी करके प्रसिद्ध है ॥

११ इस रूपक के छंद का नाम पद्धरी है और उसका लक्षण यह है—
दस करो प्रथम फिर षट मिलाय । गिन षोडश मत्ता पाय पाय ।
इस जगन अंत में धरत सोय । भनि शेष पद्धुरी छंद होय ॥ रूप दी० ॥

इस रूपक में चंद अपनी स्त्री को ईश्वर का ऐश्वर्य वर्णन कर बताता है और पहिली तुक में प्रनम्य पाठ नहीं ग्रहण करना चाहिये किन्तु प्रनम्म पाठ ठीक है अर्थात् चंद अपनी स्त्री को

बरनयौ आदि करता अलेख । गुन रहित गुननि नह रूप रेख ॥
जिहि रचे सुरग भू सत पताल । जम ब्रह्म इन्द्र रिषि लोकपाल ॥ १८ ॥
पवन अग्गि जल धर अकास । सरिता समुद्द निधि गिर निवास ॥
असि लक्ख चार रच जीव जंत । बरनंत ते नहीं लहें अंत ॥ १९ ॥
अट्ठार बन्न बेली सु कीन । नाना प्रकार सब गुन अधीन ॥
करि सकै न कोइ अग्याहि भंग । धरि हुकुम सीस दुख सहै अंग ॥ २० ॥
दिनमान देव रवि रजनि भोर । उग्गैंइ बनैं प्रभु हुकम जोर ॥
ससि सदा राति अग्या अधीन । उग्गैं अकास होय कला हीन ॥ २१ ॥
दिगपाल दाबि रहै सबरि भूंमि । चमकैं न कार रहै चांपि चूंमि ॥
परिमान पवन करि गवन गाह । घटि बढि अंग मंडै उछाह ॥ २२ ॥
इन्द्र सुर्ग मेघ अग्या अकास । बरखा सु बरख रक्खे हुलास ॥
धर रहि अचल होय प्रभु प्रताप । हलि चलि न भिमख सकै सताप ॥ २३ ॥
उट्ठंत लहरि लग्गी अकास । तठ समुद सत्त नहिं खोज तास ॥
परिमान अप्प लंघै न कोइ । करै सोइ क्रम प्रभु हुकम जोइं ॥ २४ ॥
अग्यान मेटि को सकै ताहि । भूत न भविष्य को व्रत्त माहिं ॥
बरनयौ वेद ब्रह्मा अछेह । जल थलह पूरि रह्यौ देह देह ॥ २५ ॥
पुनि कहे व्यास दसअठ पुरान । अवतार रचित नाना विधान ॥
बरनयौ विमल मति देव देव । सब रहै सोधि नह लह्यौ भेव ॥ २६ ॥
फुनि बालमीक रामावतार । सत कोटि ग्रंथ कथिं तत्त सार ॥
विध्वंसि सीय कज देव दाद । प्राक्रंम रीक कपि दयित वाद ॥ २७ ॥
पुनी पंच काव्य कवितान कीन । अग्यान नरन उर दीप दीन ॥
कित्तीक वात मो मति प्रकास । करि सकों अब्ब तो होइ हांस ॥

छं० ॥ २८ ॥ रू० ॥ ११ ॥

कहता है कि तू प्रथम् मेरे आदि देव को प्रनमन कर कि जिसने ऐसा २ किया है। हमारा यह कहना अर्थ पर दृष्टि देने से बहुत ठीक प्रतीत हो सकता है। अन्य पुस्तकों में जो ये मिलते हैं वे अशुद्ध हैं जैसे-प्रनम्य. मन, ब्रह्मांड, चार, सत्त, पाताल, पवनह, अरु, असि्स, च्यार, कोई, सबर, कोर, बढी, संताप, नहि, व्रत्तमां, हि, कहै, न, हलह्यौ, सीयक, जदेव, प्राक्रम और अब्ब ॥

इस रूपक के छंद २३ की पहिली तुक के पहिले पाद में जो हमारे **सबरि** पाठ के स्थान में एशियाटिक सोसाईटी की छापी हुई पुस्तक में **सबर** पाठ है और उस को मिस्टर जान बीम्स

चंद की स्त्री अपने पति से अष्टादश पुराणों की अनुक्रमणिका पूछती है ॥

दूहा ॥ सुनत काव्य कवि चंद कौ । चित आनन्दी नारि ॥
तुम बानी बानी प्रसन । हसन हुवंत िवारि ॥
छं० ॥ २९ ॥ रु० ॥ १२ ॥

कवित्त ॥ कहै कंति मतिवंत । तंत रसना रस सागर ॥
तुम गुन श्रवन सुहंत । जानि चमकंत कलाधर ॥
तुम देवी वरदान । दान दीजै मुहि कब्बिय ॥
अष्टादसह पुरान । नाम परिमानह सब्बिय ॥
तुम कथन कथन आनन्द मुहि । अग्ग पच्छ भव सुद्दरै ॥
अग्यान तिमर नट्ठय सुनत । अध्व कमल हिय उद्दरै ॥
छं० ॥ ३० ॥ रु० ॥ १३ ॥

चंद अष्टादश पुराणों की अनुक्रमणिका का कथन करता है ॥

पद्धरी ॥ ब्रह्मन्यदेव सम वासुदेव । अष्टदस पुरान तिन कहि सुभेव ॥
तिन कहौं नाम परिमान ब्रन्न । जिन सुनत सुद्ध भव होत तन्न ॥ ३१ ॥
ब्रह्मह पुरान दस सहस जुहि । जिहि पढ़त सुनत तन तप्प कुहि ॥
पचास पंच हज्जार गन्नि । पद्मह पुरान तिन कह्यौ ब्रन्नि ॥ ३२ ॥
तेतीस सहस सैं चारि जानि । विष्णू पुरान वि ॥ू समानि ॥

साहब ने जो अरबी صبر सब्र शब्द होना अनुमान किया है वह अयुक्त है क्योंकि अरबी صبر सब्र शब्द का अर्थ यहां सर्वरीत्या अघटित है किन्तु मानना चाहिये कि चंद ने हिन्दी **सवरि** शब्द का छंद टूटने के कारण **सबरी** प्रयोग किया है और रासो की किसी २ पुस्तक में ऐसा पाठ भी मिलता है । जो इस शब्द को रकार और बकार के उलट पुलट लिखे जाने से **बरस** शब्द होना भी हम मानें तथापि यह कुछ असंगत नहीं है ॥

१२ इस में **प्रसन्न** शब्द का पाठ किसी २ पुस्तक में मिलता है परंतु यहां छंद टूटने के कारण कवि ने **प्रसन** करके प्रयोग किया है ॥

१३ इस कवित्त के भिन्न २ पुस्तकों में जो पाठ मिलते हैं वे अयुक्त हैं जैसे–कहे, वर दानि, पछू, नट्ठ, य, अंध्वक, और मल ॥

१४ इस रूपक के अशुद्ध पाठान्तर अन्य पुस्तकों में ये हैं–अष्टादस, कहै, सभेव, ब्रन्निहो, तब्बनि, तप्प, पंचास, पंचह, च्यारि, तिष्णु, अठार, भागवत, तहं, तेईस, दुख, संपूर, अग्नि, पठि इग्यार, अछ, पछ, कूरम, मछ, भक्ति, इरांन, सहंस, और नंस ॥

इस रूपक के ४१ वें छंद की एक तुक भाषा के कवि घटती बताकर चंद पर दोषारोपण करते हैं परंतु यह उनकी भूल है क्योंकि चंद ने इस छंद को एक ही तुक में कहा है

चौबीस सहस कहि शिव पुरान । तिहि पढ़त सुनत सम अमिय पान ॥ ३३ ॥
